भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2401
दिनांक 03.12.2019/12 अग्रहायण,1941 (शक) को उत्तर के लिए

राष्ट्रीय अंगुल-छाप डेटाबेस

†2401. श्री दीपक अधिकारी (देव):

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि सरकार अखिल भारतीय आपराधिक डेटा के रूप में एक राष्ट्रीय अंगुल-छाप डेटाबेस स्थापित करने की योजना बना रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी किशन रेड्डी)

(क) और (ख): राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) एक राष्ट्रीय स्वचालित अंगुल-छाप पहचान प्रणाली (एनएएफआईएस) विकसित कर रहा है। एनएएफआईएस अपराधियों के अंगुल- छापों (फिंगर प्रिंट) को रिकार्ड एवं साझा करने के लिए पुलिस/विधि प्रवर्तन एजेंसियों द्‌वारा उपयोग किये जाने हेतु एक नेटवर्क आधारित अखिल भारतीय प्रणाली है।

****